हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 कल सौभाग्य और सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाया जाएगा रक्षाबंधन पर्व



10 बोरसी रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज निर्माण में ...



## खबर संक्षेप

### पटवारी संघ की हड़ताल 16 से

**बेमेतरा।** 10 दिन तक चली तहसीलदार संघ की हड़ताल खत्म होने के बाद अब राजस्व पटवारी संघ, छत्तीसगढ़ ने भी अपनी लंबित मांगों को लेकर 16 अगस्त से ऑनलाइन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। इस संबंध में संघ ने प्रांत स्तर पर सभी ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करने के लिए प्रशासन को ज्ञापन सौंप दिया है। पटवारी संघ की इस हड़ताल से सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को होने की आशंका है, क्योंकि यह समय गिरदावरी का है। गिरदावरी के दौरान पटवारी खेतों में जाकर फसलों की जानकारी दर्ज करते हैं, जिसे बाद में ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। इसी ऑनलाइन रिकॉर्ड के आधार पर किसानों को खाद और बीज जैसी सरकारी सहायता मिलती है। पटवारियों के हड़ताल पर जाने से गिरदावरी का काम रुक जाएगा, जिससे किसानों के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती है। क्या हैं पटवारी संघ की मांगें? राजस्व पटवारी संघ की प्रमुख मांगें पुरानी और लंबित हैं। संघ ने हाल ही में राजस्व मंत्री और सचिव को ज्ञापन सौंपकर पिछले वादों की याद दिलाई थी। संसाधन भत्ताः वर्ष 2024 में दिसंबर के महीने में पटवारी संघ ने संसाधन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ऑनलाइन हड़ताल की थी। उस समय शासन ने संसाधन भत्ता देने पर सहमति जताई थी और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने बजट में इसकी घोषणा भी की थी, लेकिन अभी तक पटवारियों को यह भत्ता नहीं दिया गया है। इसी वादे को पूरा न किए जाने के कारण पटवारी संघ ने फिर से हड़ताल का फैसला लिया है।

### गांजा के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुसिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्म श्री तंवर ने बताया कि पुलिस का ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत उतई ने अवैध रूप से गांजा बेचने वाला शंकर नगर, गौरा चौक, जोरातराई निवासी संतोष महिलांगे को बीएससी प्लांट जाने के रास्ता नहर पुलिया के पास गांजा रख बेचने और ग्राहक की तलाश करते हुए पकड़ा गया।

### मोबाइल लूट करने वाला आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** मोबाइल लूट कर फरार होने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि बाम्बे आवास जवाहर नगर निवासी झनकार ढाली 4 अगस्त को की रात अर्जुन नगर कैम्प 1 निवासी चंदू उर्फ चंदू डॉन कैम्प 1 हनुमान मंदिर के पास बाइक लेकर खड़ा था। इसी दौरान वो शिकायतकर्ता से पैसों के लेनदेन की बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। जब पीड़ित ने उसका विरोध किया तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी।

# भाजपा जनहितैषी योजना बंद कर आमजन के साथ कर रही है अन्याय : छाबड़ा

## बिजली बिल हाफ योजना बंद करने पर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा ने बुधवार को बिजली विभाग कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। यह आंदोलन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आम उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से बिजली बिल हाफ योजना शुरू की थी, जिससे प्रदेश के 44 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा था। इस योजना से हर परिवार को सालाना हजारों रुपये की बचत हो रही थी। भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही इस जनहितैषी योजना को बंद कर आमजन के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने डेढ़ साल के भीतर चार बार बिजली दरें बढ़ाईं, जिसमें घरेलू उपभोक्ताओं पर 80 पैसे प्रति यूनिट तक बोझ बढ़ गया है। कृषि पंप कनेक्शन पर 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर किसानों को परेशान किया जा रहा है। आशीष छाबड़ा ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर खराब होने पर महीनों तक बदले नहीं जा रहे, जिससे गांवों और किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। प्रदर्शन में शामिल पूर्व संसदीय सचिव गुरदयाल सिंह बंजारे ने कहा कि भाजपा सरकार ने योजना को बंद कर मात्र 100 यूनिट तक सीमित कर दिया है, जबकि आज हर छोटे उपभोक्ता की खपत भी इससे ज्यादा होती है। यह फैसला जनता के विश्वास के साथ धोखा है।



**ये रहे शामिलः** प्रदर्शन में ललित विश्वकर्मा, लुकेश वर्मा, सुरेंद्र तिवारी, नंद साहू, टीआर जनार्दन, विजय बघेल, ओम दाऊ, श्रीमती सुशीला जोशी, रवि परगनिया, चंद्रप्रकाश साहू, जोगिंदर छाबड़ा, मनोज शर्मा, रवि रजक, दयासिंह वर्मा, राजू साहू, प्रांजल तिवारी, टोकेश्वर वर्मा, प्रकाश ठाकुर, रश्मि मिश्रा, रूबी सलूजा, नारायण छाबड़ा, अजय राज सेन, वैभव मिश्रा, सुमित राजपूत, सनत धर दीवान, अमित वर्मा, दीपक दिनकर, राजेंद्र वर्मा, धनराज बंजारे, रामखिलावन साहू, लोकनाथ यादव, चेतन बंजारे, कृष्णा चतुर्वेदी, रमाकांत साहू, डॉ. शिशिर दुबे, घनश्याम वर्मा, इंदर चंद जैन, जयप्रकाश राज, कमल साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए।

### मौसम : पारा 34 डिग्री पार होने से बढ़ी उमस, स्वास्थ पर पड़ रहा है

# मानसून ब्रेक से उमस और गर्मी से जनजीवन प्रभावित, रक्षाबंधन के बाद बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अंचल में पिछले करीब दस दिन से मानसून ब्रेक के हालात निर्मित है। अंचल में मानसून का लोकल सिस्टम ही एक्टिव है। जबकि मानसून द्रोणिका का पूर्वी छोर अरूणाचल प्रदेश में सक्रिय है। यही कारण है कि झड़ी देखने को नहीं मिल रही है। कुछ मिनटों की बौछार को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश समय तेज धूप और उमस ने लोगों को हलाकान किया है। हालात यह है कि अंचल में दिन का अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री को पार कर गया है।

इससे सेहत पर भी असर देखने को मिल रहा है। वहीं अगले दो से तीन दिन भी बेहतर बारिश की संभावना कम ही जताई गई है। बताया जा रहा है कि अंचल में रक्षाबंधन के बाद से ही मानसून के दोबारा एक्टिव होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार मानसून एक द्रोणिका उत्तर-पश्चिम विहार से दक्षिण पूर्व बांग्लादेश तक उत्तर गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए 3.1 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



फाइल फोटो

### जिले में अब तक 331 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

जिले में जब तक इस मानसून सीजन में 331 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है जो सामान्य से 25 फीसदी कम है ।जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील थानखम्हरिया में 477.3 मि.मी. तथा न्यूनतम 247.5 मि.मी. वर्षा भिंभौरी तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 261.8 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 348 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 316.9 मि.मी., देवकर तहसील में 306 मि.मी, वर्षा दाढ़ी तहसील मे 403.1 मि.मी., वर्षा नवागढ़ तहसील में 255 मि.मी. एवं साजा तहसील में 363.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### आज हल्की बारिश होने के आसार

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अयाज धमक के साथ छीटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वजपात होने की संभावना है। प्रदेश में 8 और 9 अगस्त को हल्की से मध्यम और व्यापक वर्ष संभावित है।

### दोणिका का क्या असर

मानसून दोणिका माध्य समुद्र तल पर जलपाईगुड़ी और उसके बाद उत्तर पूर्व की और अरुणाचल प्रदेश हिमालय की तराई से होकर स्थित है। दोणिका का उत्तरी हिस्सा जब बाल की खाड़ी में होता है, राथ मध्य भारत में बेहतर बारिश देखने को मिलती है लेकिन इसके हिमालय के तराई में जाने से बैंक की स्थिति बन जाती है।

## आगामी नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायधीश ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी 13 सितम्बर नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन पर प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बृजेन्द्र कुमार शास्त्री की अध्यक्षता व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निधि शर्मा की मौजूदगी में न्यायिक अधिकारी मोहित सिंह, कलेक्टर रणबीर शर्मा,पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू एवं प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ बैठक आयोजित किया गया।

उक्त बैठक में जिला न्यायाधीश श्री शास्त्री ने नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हाकिंत करने व पूर्ण प्रयास कर अत्यधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने निर्देश दिया गया। इसके अलावा बैठक में नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, चेक बाऊंस के मामले, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निष्पादन, बीमा, भरण-पोषण के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, सिविल विवाद, विद्युत, जलकर व समत्ति कर, टेलीफोन, बैंक रिकव्हरी प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है। अध्यक्ष द्वारा बैठक में उपस्थित पक्षकारगण के मध्य विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत सम्भावनाओं को तलाश करते हुए न्यायाधीशगण द्वारा प्रकरणों में पक्षकारों की दिन-प्रतिदिन प्री-सिटिंग कर लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा किया जाने का यथा संभव प्रयास किये जाने पर भी जोर दिये।साथ ही अधिकारीगण से प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के पक्षकारों पर नोटिस की तामिली एवं उनके साथ सौहाद्रपूर्ण रूप से राजीनामा करने पर चर्चा की गई।

## जिले में प्लेसमेंट कैंप 14 को

**बेमेतरा।** जिले के ऐसे युवा जो निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक हैं, उनके लिए सुनहरा अवसर आ रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा द्वारा दिनांक 14 अगस्त गुरुवार को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संयुक्त जिला कार्यालय परिसर, कक्ष क्रमांक 65, कलेक्ट्रेट बेमेतरा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट कैंप में /"एलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर/" द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें सुरक्षा गार्ड के कुल 340 पद शामिल हैं, जिसके लिए योग्यता 10वीं उत्तीर्ण, वेतनमान 11,000 से 14,000 प्रतिमाह तथा आयु सीमा 20 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि सुरक्षा पर्यवेक्षक के कुल 15 पदों के लिए स्नातक योग्यता, 14,000 से 18,000 प्रतिमाह वेतनमान और आयु सीमा 24 से 40 वर्ष निर्धारित है, दोनों ही पदों के लिए कार्यस्थल रायपुर रहेगा। यह प्लेसमेंट कैंप नियोक्ताओं और रोजगार की तलाश कर रहे अभ्यर्थियों के बीच सेतु का कार्य करेगा, जहाँ उम्मीदवारों को संस्थान के प्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष संवाद कर नौकरी की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। नियुक्ति केवल निजी संस्थानों में कार्य हेतु की जाएगी, अतः इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे नियोजक से संस्था, पद, कार्य, वेतन तथा अन्य शर्तों की जानकारी कैंप स्थल पर ही प्राप्त करें। रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छत्तीसगढ़ निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), तथा समस्त शैक्षणिक योग्यताओं के मूल प्रमाण पत्र एवं एक-एक छायाप्रति के साथ समय पर कैंप स्थल पर उपस्थित हों। यह प्लेसमेंट कैंप जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार तथा स्वरोजगार के सशक्त माध्यम उपलब्ध कराने की दिशा में एक प्रभावी पहल है।

## खाद और सिंचाई की समस्या से परेशान किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगर और आसपास के 60 से 70 ग्राम में किसान दोहरी समस्या से दिक्कत में है। शासन के आंकड़ों के अनुसार यह क्षेत्र पूरे जिले में सबसे कम वर्षा वाला है । किसान सिंचाई के लिए बोरवेल के भरोसे सिंचाई कर रहे है लेकिन बिजली विभाग के बिजली कटौती से किसान परेशान है । इसी प्रकार किसानों को यूरिया खाद न सहकारी सेवा समिति और न निजी दुकानों में मिल रहा है।

इस प्रकार किसान दोहरी समस्या झेल रहे है। किसानों को सेवा सहकारी समिति से खाद की आस छुटी तो उन्होंने निजी दुकानों में खाद की जानकारी प्राप्त की । वहां भी यूरिया खाद नहीं है। और तो और किसी भी दुकान में यूरिया खाद नहीं है। अब किसानों के सामने पूरी तरह खाद का संकट है। फसल के लिए खाद नहीं मिलने से पैदावार में कमी आएगी जिसका असर किसानों की आय पर पड़ेगा।

### बिजली कटौती से किसान परेशान

खाद का संकट झेल रहे किसानों की दूसरी समस्या बिजली कटौती है। किसानों के अनुसार 24 घंटे में मात्र 12 घंटे किसानों को बिजली दी जा रही है। जबकि अटल ज्योति योजना में कृषकों के सिंचाई के लिए लगाए पम्प को अलग से विद्युत कनेक्शन दिया गया है। विद्युत विभाग का कहना है कि ओवरलोड के कारण 24 घंटे बिजली देना संभव नहीं है। जबकि अटल ज्योति योजना पूरी तरह किसानों के लिए है। ऐसे में परपोड़ी क्षेत्र में सबसे कम वर्षा होने से फसलों के सिंचाई में परेशानी आ रही है। दिनेश ध्रुव एसएडीओ साजा ने बताया की किसानों के लिए खाद व्यवस्था के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। खाद के स्टॉक की निगरानी भी की जा रही है। दुकानों को शिकायत के आधार पर नोटिस भी जारी किया गया था। जल्द ही कार्यवाही भी होगी यदि किसी भी दुकान में खाद है तो उसे किसानों को विक्रय करना दुकानदार के लिए आवश्यक है।

## खपरी स्कूल में पारंपरिक उत्साह के पूर्व लईका हरेली तिहार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी विकासखंड साजा में बच्चों की अभिव्यक्ति कौशल को निखारने व छत्तीसगढ़ की गीत संगीत तीज तिहार संस्कृति को बच्चों को बताने के लिए विद्यालय परिवार में लईका हरेली भोजली तिहार का आयोजन किया। सबसे पहले शिक्षिका रूखमणी सेन, विजय लक्ष्मी रावत, थुकेल राम तारम, चंद्र शेखर कश्यप, द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी व सरस्वती माता साथ ही किसानों का हल (नांगर) की पुजा अर्चना कर आरंभ किया गया। तत्पश्चात गांव की किसान पालकों का पुष्पमाला व गुलाल लगाकर स्वागत किया गया।

- लईका हरेली तिहार में छात्र छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

मंचीय प्रस्तुति बालिकाओं द्वारा आयेव हमर अंगना जय होवय तुहर अतिथि जय होवय तुहर हो, की सुन्दर छत्तीसगढ़ी में स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। विद्यालय का सफाई कर्मी रूपचंद यादव ने यादव की भूमिका निभाते हुए प्रमुख द्वार से सभी विद्यालय भवन की कक्षा में नीम की डाली लटकाया और विद्यालय और बच्चों के लिए शुभ आशीर्वाद लिये। धरती माता की वंदना के रूप में जतन करव धरती के संगी जतन करव रे चित्रलेखा व साथियों की शानदार प्रस्तुति रही।

### बच्चे हमारे राज्य के गीत संगीत, तीज त्यौहार से जुड़े रहे-धनेश

मनभावन हे हरेली तिहार, आगे आगे हरेली तिहार, हरियर हे हरेली तिहार, सुवा गीत, देवी गंगा भोजली गीत की नृत्य सहित बच्चों ने प्रस्तुति दी नन्हें कलाकार दानवीर निर्मलकर, लक्ष्य निर्मलकर, सूरज निर्मलकर, कौशल निर्मलकर, प्रीति, रीना, निशा, चित्रलेखा, वेदिका, बिंदु, मनीषा, लवली निर्मलकर, तृप्ति, दिव्या, तीव्रता, कुमकुम, प्राची, लिसा, रूपाली, प्रमिला, तारिणी, हिमानी, पल्लवी, खुशी, एकता, कविता, रेनू, दुर्गेश्वरी, महिमा, उमा रही। लईका हरेली का आयोजन प्रधान पाठक धनेश रजक के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उन्हीं का गीत संगीत चयन, उन्हीं का कोरियोग्राफी रहा। सभी बच्चों को शिक्षिका विजय लक्ष्मी रावत व स्वयं सेवी शिक्षिका गुनिता निर्मलकर, यामिनी निर्मलकर ने तैयार किया। प्रधान पाठक धनेश रजक ने लईका हरेली तिहार मनाने का उद्देश्य बताया की स्कूली बच्चे अपने राज्य की गीत संगीत तीज त्यौहार से जुड़े रहे, उसे जाने समझे कि हमारे पूर्वज इस त्योहार को क्यूं मनाते थे। कौन कौन सा वस्तुओं का उपकरणों का इस त्योहार में पूजा पाठ किया जाता है।

आगे कहा बच्चों को बताया कि कृषि की शुरुआत का प्रतीक हरेली त्योहार खेती किसानी के नये मौसम की शुरुआत को दर्शाता है किसान इस दिन अपने कृषि उपकरणों जैसे हल गैंती फावड़ा आदि की पुजा करते हैं इससे यह मान्यता जुडी.है। उपकरणों की पुजा से अच्छी फसल और समृद्धि होती है। प्रकृति और हरियाली का उत्सव हरेली शब्द का मतलब ही होता है हरियाली और कहा आप सभी हमारे स्कूली बेटियां खूब बधाई के पात्र हो, जो हर एक घर से सुंदर भोजली उगाये हो और सुन्दर देखभाल कर बड़ा किये हो। आज कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। लईका हरेली में सभी छात्र छात्राएं, पालकगण, व ग्रामवासी व शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

### नियम शिथिल करने नगर पंचायत अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# नवागढ़ में पीएम आवास योजना में बड़ा पेंच एक पट्टे में कई नाम होने से सैकड़ों वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के तहत नवागढ़ नगर पंचायत क्षेत्र में सैकड़ों जरूरतमंद परिवार पक्का मकान पाने से वंचित हो रहे हैं। योजना की पात्रता में एक तकनीकी पेंच सामने आया है, जो ग्रामीण व कस्बाई समाज की पारंपरिक व्यवस्था से मेल नहीं खाता। नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने बताया कि कई परिवार ऐसे हैं जिनका एक ही पट्टा है, लेकिन उसमें दो या दो से अधिक सदस्यों के नाम शामिल हैं। इनमें पिता-पुत्र या भाई-भाई शामिल हैं, जो कच्चे घरों में अलग-अलग रह रहे हैं। बावजूद इसके उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा क्योंकि नियम के अनुसार केवल उसी व्यक्ति को लाभ मिलेगा जिसके नाम पर जमीन दर्ज है।

### मुख्य बिंदु

- एक पट्टे में कई नाम होने से पात्र हितग्राही योजना से वंचित।
- नगर पंचायत अध्यक्ष ने नियमों में लचीलापन लाने की मांग की।
- अधूरा मकान होने पर भी नाम शामिल नहीं हो रहा।
- उपमुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र भेजा गया।



### क्या है असल समस्या?

गांवों और कस्बों में आम तौर पर एक ही पट्टे में पूरा परिवार शामिल होता है। लेकिन योजना की गाइडलाइन में इसे व्यक्तिगत स्वामित्व की तरह नहीं माना जा रहा। ऐसे में जिनके नाम पट्टे में तो हैं लेकिन नामांतरण नहीं हुआ है, वे पात्र नहीं माने जा रहे। अध्यक्ष चौहान ने बताया कि कई हितग्राहियों के पास अधूरा मकान है और जमीन भी है, फिर भी पट्टे के नामांतरण के अभाव में उन्हें योजना से बाहर कर दिया गया है। यह नीति जरूरतमंदों के साथ अन्याय है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष की मांग

सिद्धांत चौहान ने शासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में जहां एक ही पट्टे में एक से अधिक नाम दर्ज हैं और वे लोग अलग-अलग रह रहे हैं, उन्हें व्यक्तिगत स्वामित्व मानते हुए योजना का लाभ दिया जाए। इस संबंध में उन्होंने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव को भी पत्र प्रेषित कर शीघ्र समाधान की अपील की है।

# बोरसी रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज निर्माण में हो रही लेटलतीफी

## बारिश के दौरान ब्रिज में भरा पानी, नाली में अब तक शुरू नहीं हुआ जाली बिछाने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरिभूमि सरोकार

बोरसी में दुर्ग दल्लीराजहरा रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज निर्माण कार्य में देरी के चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे वहां सुबह शाम जाम के हालात बन रहे हैं। डेढ़ साल बाद भी अंडरब्रिज का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। अन्य अंडरब्रिजों की तरह बोरसी ब्रिज में भी बरसात में जलजमाव की समस्या शुरू हो गई है।

बोरसी रेल फाटक में करीब डेढ़ साल पूर्व अंडरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हो पाया है। ब्रिज का लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा हो गया है, लेकिन आगे का काम समय पर नहीं होने से यह समस्या सामने आ रही है। पानी निकासी के लिए नाली में जाली, सड़क, पेंटिंग आदि कार्य बाकी है। इस दौरान भिलाई के चंद्रा, प्रियदर्शिनी व नेहरू नगर अंडरब्रिजों की तरह इस अंडरब्रिज के अंदर भी जलजमाव की समस्या पैदा हो रही है। पिछले दिनों हुई बारिश से पानी ब्रिज में भरा हुआ है । करीब दो फीट पानी यहां जमा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ब्रिज निर्माण का काम बंद है। पहले भी काम रुक रुक कर चल रहा था।



### ड्यूटी टाइम में जाम के हालात

बोरसी रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं होने से दल्ली राजहरा लाइन पर गाड़ियों की आवाजाही के दौरान गेट बंद रहता है। इस दौरान वाहनों का लंबा जाम लग जाता है। ड्यूटी व स्कूल कालेज के टाइम लोगों को खासी परेशानी हो रही है। सुबह शाम जाम के हालात बनते रहते हैं। इस अंडरब्रिज के बन जाने से वाहन चालकों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल जाएगी। क्षेत्रवासियों ने जल्द ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है।



## खबर संक्षेप

### सीएम से डीआईसी महापात्रा ने की भेंट



**भिलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को रायपुर में मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भिलाई इस्पात संयंत्र के नवनियुक्त निदेशक चित्त रंजन महापात्र ने सौजन्य मुलाकात की।
उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने भी महापात्र को शुभकामनाएँ दीं। निदेशक प्रभारी ने सीएम से बीएसपी के विस्तारीकरण में सहयोग देने का अनुरोध किया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार व संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** लोगों को हथियार लेकर धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नदी रोड नयापारा तिराहा गंजपारा दुर्ग के पास एक युवक धारदार चाकू लेकर लोगों को धमका रहा था। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी वार्ड 31 आपापुरा दुर्ग निवासी मोह. अफज़ल खोखर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने चाकू व नगदी तीन सौ रुपए बरामद किया है।



### मंदिर अभिषेक विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना

**भिलाई।** भगवान शिव की भक्ति के लिए विशेष माने जाने वाले सावन महीने में कैम्प 01 के बालमुकुंदेश्वर महादेव मंदिर भगवान शिव की भक्ति में सराबोर रहा। भोलेनाथ का अभिषेक पूजन करने सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। चारों ओर हर हर महादेव और बम भोले का जय घोष गूंजता रहा। प्रत्येक वर्ष अनुसार संकट मोचन हनुमान मंदिर कैम्प 1 के प्रांगण में बालमुकुंदेश्वर महादेव का श्रावण मास में आचार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी द्वारा निशुल्क रुद्राभिषेक एवं पूजन कराया जाता है। इस वर्ष भगवान शिव का अभिषेक एवं श्रृंगार किया गया। इसमें अच्युतानंद पांडे, सच्चिदानंद पांडे, आशुतोष पांडे, रमेश गुप्ता, रामानंद पांडे, मिथिलेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## बेखयाली : यूरोप व एशिया के स्टील प्लांट में बने हैं बड़े गोडाउन व कंटेनर

# खुले में पड़ा रहता है कीमती रॉ-मटेरियल, बीएसपी सहित सेल में सुरक्षित रखे जाने की नहीं है योजना


### हवा, बारिश और डस्ट से प्रभावित होने का अंदेशा, संसदीय कमेटी ने योजना बनाने दिया था सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के सभी संयंत्रों में कीमती रॉ-मटेरियल्स को खुले वातावरण से बचाने की समस्या साठ साल बाद भी बनी हुई है। मटेरियल को सुरक्षित रखने के लिए सेल और लोकल प्रबंधन द्वारा अब तक कोई योजना नहीं बना पाने के चलते कंपनी और वर्कर्स दोनों को ही कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी के साथ सेल की सभी यूनिटों में इस्पात निर्माण के लिए कई तरह के कच्चे माल का उपयोग किया जाता है। करीब दर्जनभर रा मटेरियल अत्यधिक कीमती होने के साथ स्टील की गुणवत्ता को भी मजबूत करता है। सेल व यूनियन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक स्टील निर्माण के लिए आयरन ओर,इम्पोर्टेट व लोकल कोल, डोलोमाइट, लाइम स्टोन, फेरो एलाय, फेरो मैंगनीज, सिलिको मैगनीज आदि कच्चा माल विभिन्न खदानों से प्लांट पहुंचता है। लेकिन संयंत्र निर्माण के साठ साल बाद भी विदेश के बड़े प्लाटों की तरह बीएसपी सहित सेल की किसी भी यूनिट में बहुमूल्य रा मटेरियल्स को सुरक्षित रखे जाने के लिए गोडाउन, बड़े कंटेनर या केमिकल स्प्रे आदि की योजना नहीं है। इसके चलते विभिन्न प्रकार का हजारों टन रा मटेरियल प्लांट के अंदर खुले स्थानों में में कई दिनों तक पड़ा रहता है। और खुले वातावरण का प्रभाव में रहता है। हवा, अंधड़ पानी, धूल, धूप आदि का दुष्प्रभाव इन मटेरियल्स पर पड़ने इसकी क्वालिटी पर असर पड़ने का अंदेशा बना रहता है।

जानकार सूत्रों के मुताबिक चायना,कोरिया, जापान, आस्ट्रेलिया, रुस यूक्रेन और अमेरिका के बड़े स्टील प्लांटों में रा मटेरियल्स को सुरक्षित रखने के लिए बड़े बड़े गोडाउन, कंटेनर व केमिकल स्प्रे आदि के प्रबंध हैं।



### बीएसपी में इन खदानों से आता है कच्चा माल

बीएसपी में लाखों टन कीमती रा मटेरिल्स विभिन्न खदानों से आता है। मिलों और ब्लास्ट फर्नेस आदि में स्टली निर्माण के लिए उपयोग के पहले तक यह यार्ड के निकट खुले में रखा रहता है। हवा, डस्ट, बारिश का प्रभाव पड़ता है। यहां आयरन ओर दल्ली राजहरा, कोल आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड, डोलोमाइट हिर्री व मंडला माइंस,लाइम स्टोन कोटेश्वर व नंदिनी माइंस और फेरो एलाय चंद्रपुर महाराष्ट्र से आता है।

### सुझाव पर नहीं हो पाया अमल

गौरतलब हो कि वर्ष 2001-2 में बीएसपी और बोकारो स्टील प्लांट विजिट के दौरान संसदीय कमेटी ने रा मटेरियल को हवा व डस्ट से बचाने के लिए योजना बनाए जाने का सुझाव उच्च प्रबंधन को दिया था। इसके बाद सेल के अधिकारी संगठन द्वारा भी कच्चे माल को सुरक्षित रखे जाने की योजना बनाने का सुझाव दिया था।

### योजना का मिलेगा लाभ

बीएसपी सहित सेल की सभी यूनिटों में बहुमूल्य कच्चे माल को खुले वातावरण से बचाने के लिए योजना बन जाने से बारिश व डस्ट से इसकी सुरक्षा हो सकेगी। साथ ही इसकी ढुलाई आदि में वर्कर्स और प्रबंधन को अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। इससे सेल के 31 मिलियन टन उत्पादन विस्तार के लक्ष्य के साथ सेलेबल स्टील की डिमांड विश्व बाजार में बढ़ेगी।

### अयोध्या के लिए विशेष ट्रेन विधायक ने दिखाई हरी झंडी



**दुर्ग।** मुख्यमंत्री तीर्थ योजना अन्तर्गत दुर्ग रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के दर्शन हेतु रवाना होने वाली विशेष श्रद्धालु ट्रेन को जनप्रतिनिधियों ने हरि झंडी दिखाकर विधिवत रवाना किया। सभी श्रद्धालुओं को यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं दी यह आयोजन आस्था, भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण एक ऐतिहासिक क्षण बना, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुजन अयोध्या दर्शन के लिए भावविभोर होकर इस विशेष यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा , जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे , दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक , दुर्ग महापौर अलका बाघमार , सभापति श्याम शर्मा , कुम्हारी नगर परिषद अध्यक्ष मीना वर्मा , जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे एवं मुख्य स्टेशन प्रबंधक लखबीर सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं शरद दुबे के नेतृत्व में भिलाई नगर निगम से 8 दर्शनाथी डाली ताम्रकार, छगन लाल साहू, अनीता साहू, नरेन्द्र कुमार, हेमंत साहू, संगीता साहू, मनटोरा बाई एवं सुरेशचंद सवार हुए इस ट्रेन को दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना हुए।

## सेल ने किसी को नहीं माना डायरेक्टर कमर्शियल के योग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) के नए डायरेक्टर कर्मिशियल के पद की नियुक्ति के लिए सलेक्शन कमेटी ने विभिन्न यूनिटो से इंटरव्यू देने पहुंचे दर्जनभर दावेदार उच्चाधिकारियों में किसी को भी इस अहम पोस्ट के योग्य नहीं माना। इसमें बीएसपी से भी एक वरिष्ठ अधिकारी इंटरव्यू में शामिल हुए थे। टफ एग्जाम व तैयारी को लेकर यह इंटरव्यू बीएसपी सहित विभिन्न संयंत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सेल दिल्ली के डायरेक्टर कमर्शियल पद के चयन के लिए बुधवार को दिल्ली में पब्लिक इंटरप्राइजेस सलेक्शन बोर्ड भारत सरकार द्वारा अभ्यर्थी अधिकारियों का इंटरव्यू हुआ। बीएसपी सहित सेल की विभिन्न यूनिटों के 12 वरिष्ठ अफसरों के इंटरव्यू दिया। लेकिन किसी का भी सलेक्शन इस अहम पद के लिए नहीं हो पाया। इंटरव्यू के लिए संजय अग्रवाल ईडी (कोल इंपोर्ट) सेल,मुनीश आहूजा सीजीएम सेल्स एंड आरएम एनआर दिल्ली सेल, नीरज मित्तल सीजीएम ई-8 इंचार्ज कोल इंपोर्ट ग्रुप विद पावर आफ ईडी दिल्ली सेल, अनिल कुमार अरोड़ा सीजीएम सेल्स ई 8 विद एडिश्नल चार्ज आफ आईटीडी, सेल, तुषारकांत सीजीएम इंचार्ज सर्विसेस बीएसपी, एन अरविंद सीजीएम आपरेशंस लाजिस्टिक एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर सेल, आशीष डेब डीजीएम एंड एएमपी, एसआरबीएम राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, पर्वत रंजन जेना जीएम कमर्शियल, एनटीपीसी लिमिटेड, रविंदर एच टेकचंदानी जीएम एंड हेड (विद पावर आफ ईडी) स्पेयर्स एंड सर्विसेस बिजनेस ग्रुप एंड एडिश्नल चार्ज- न्यूक्लियर बिजनेस ग्रुप, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड, राजेश कुमार दत्ता ईडी मार्केटिग, कांट्रेक्ट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, मेकान लिमिटेड,भारतुला विश्वनाथ चीफ विजिलेंस आफिसर, एनएमडीसी लिमिटेड, रेलवे( एम/ओ) और विवेक निशांत नाथ सीजीएम(सेल्स एंड मार्केटिंग),ओडिशा माइनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड बुधवार को दिल्ली पहुंचे थे।

- बीएसपी के सीजीएम सहित विभिन्न यूनिटों के दर्जनभर बड़े अफसरों ने दिया इंटरव्यू

सेल से जुड़े सूत्रों के मुताबिक डायरेक्टर कमर्शियल का पद कंपनी में काफी अहम माना जाता है। लोकल व ग्लोबल लेबल पर सेल के स्टील की मार्केटिंग में इनकी अहम भूमिका होती है।

### शादी का झांसा देकर किया अनाचार, गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2024 में ग्राम पंचपेढ़ी पहांडोर भिलाई तीन निवासी मुकेश कुमार वर्मा ने युवती से दोस्ती कर शादी का झांसा दिया। इस दौरान युवती से लगातार अनाचार करता रहा। 2- 3 बार युवती ने अपना गर्भपात भी करा चुकी है। जब शादी के लिए युवती ने आरोपी पर दबाव बनाया तो उसने इंकार कर दिया। परेशान होकर उसने घटना की शिकायत जामुल थाने में दर्ज कराई। आरोपी मुकेश कुमार वर्मा को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।



# सुपेला सब्जी मंडी में दुकानों की जांच, 70 प्रतिशत के पास नहीं मिले आवंटन के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आकाश गंगा सब्जी मंडी सुपेला में 70 प्रतिशत दुकाने अवैध रूप से कब्जा करके संचालित की जा रही है। आवंटित दुकानों से कई गुना अवैध दुकान बन जाने से मंडी में लोगों को आने जाने तक के लिए जगह नहीं बची है। इसे लेकर मंडी समिति के लोगों ने निगम से कार्रवाई की मांग की थी। निगम की टीम बुधवार को वार्ड पार्षद भोजराज सिन्हा के साथ यहां पहुंची और दुकानों के दस्तावेज लेकर जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि यहां 70 प्रतिशत दुकानदारों के पास आवंटन से जुड़े दस्तावेज ही नहीं हैं। कुछ ऐसे भी दुकानदार मिले जिनके नाम से जगह आवंटित है, लेकिन वहां कोई और कब्जा करके व्यवसाय कर रहा है।

- अब होगी तोड़ फोड़ की कार्रवाई

**निगम की टीम ने पार्षद भोजराज सिन्हा के साथ किया वैध और अवैध दुकानों की जांच**



### गंदगी को लेकर जताई नाराजगी

निगम की टीम के सामने पार्षद और नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने काफी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पूरी मंडी में कीचड़ और सड़ी गली सब्जी के अवशेष पड़े हैं। इससे बदबू और बीमारी फैल रही है। मंडी आने वाले लोगों को इससे काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि दुकान के आसपास इस तरह की गंदगी पाई जाएगी तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंडी के अंदर दुकान के पास की गंदगी हटाने की जिम्मेदारी दुकान संचालक की होगी।

### काटी गई एनवीसी की अवैध दुकान की लाइट

पार्षद भोजराज सिन्हा ने बताया कि जांच के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे लोग मिले हैं, जो अवैध रूप से कब्जा करके दुकान संचालित कर रहे हैं। उन सभी पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नारायण सिंह वेजीटेबल कंपनी (एनवीसी) की अवैध दुकान का मुद्दा भी उठा। वो निगम की बिजली का अवैध उपयोग कर रहा था। उसके बिजली के कनेक्शन को काट दिया गया है। उसे दुकान हटाने के लिए बोला गया है। जल्द ही निगम की टीम यहां सभी दुकानों को हटाने के लिए कार्रवाई करेगी।

## आयुक्त ने निर्माणाधीन सीमेंटीकरण रोड व शौचालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन 3 अंतर्गत टाटा लाइन में सीमेंटीकरण रोड एवं नाली निर्माण, पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में शौचालय निर्माण, नालियो की साफ-सफाई एवं पार्किग व्यवस्था का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा किया गया। वार्ड क्रं. 36 टाटा लाईन में 20 लाख रुपये की लागत से सीमेंटीकरण रोड एवं नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। आयुक्त ने रोड में पर्याप्त पानी तराई एवं शेष कार्य को अविलंब तथा गुणवत्तायुक्त पूर्ण करने ठेकेदार सिद्वार्थ शुक्ला को निर्देशित किए है। पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत निर्माणाधीन सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया गया। शौचालय निर्माण का कार्य प्रगतिरत है, जिसे अविलंब पूर्ण कराने सहायक अभियंता नितेश मेश्राम को निर्देशित किया गया है। इस शौचालय के निर्माण से सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट एवं सब्जी मार्केट में आने वाले लोगो को सुविधा मिलेगी। टाटा लाईन, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति एवं नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे को निर्देशित किया गया है। पावर हाउस सब्जी मार्केट समीपस्थ लाल मैदान एवं फल मण्डी के सामने रिक्त स्थल में पार्किंग व्यवस्था हेतु सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन को निर्देशित किया गया है।



## निगम में विकास कार्य के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार के विरोध में निर्दलीय पार्षद

# अधीक्षण अभियंता ने पोल और नाली की जांच रिपोर्ट आयुक्त को सौंपी, पार्षदों ने कहा- कार्रवाई नहीं हुई तो जाएंगे हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम अंतर्गत 2 करोड़ रुपए से नाली निर्माण और लग रहे पोल के काम में भ्रष्टाचार की जांच अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा के नेतृत्व में पूरी हो गई।

पार्षदों का कहना है कि जांच रिपोर्ट निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय को सौंप दी है, लेकिन उसे सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। इससे आक्रोषित होकर निर्दलीय पार्षदों ने निगम आयुक्त को एक पत्र सौंपा है कि वो जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करें और हुए भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करें। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वो लोग इस मामले को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। भिलाई निगम के निर्दरीय पार्षद हरिओम तिवारी और उनके साथी रविशंकर कुर्रे, मीरा जितेंद्र बंजारे, रानू राजू साहू और अनीता अजय साहू ने इसे लेकर निगम आयुक्त के नाम एक पत्र सौंपा है। उसमें उन्होंने लिखा कि अधीक्षण यंत्री अजीत तिग्गा, नितेश मेश्राम, शहर मंत्री केशव चौबे व पार्षदों के द्वारा दोनो मामलों की जांच पूरू कर ली गई है। उनके द्वारा जांच रिपोर्ट भी सौंप दी गई है। इस जांच रिपोर्ट को पार्षदों और मीडिया के बीच सार्वजनिक किया जाए। दोनों मामलों में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। इस पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो वो लोग न्यायालय की शरण में जाने के लिए बाध्य होंगे।

**नाली निर्माण को लेकर जांच करती निगम की टीम**



### करोड़ों की लागत से हो रहे नाली निर्माण में बड़ा भ्रष्टाचार

पार्षदों ने बताया कि जीई रोड के किनारे कर्मा चौक से लोहिया पेट्रोल पंप तक लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से आरसीसी नाली का निर्माण किया जा रहा है। नाली की जांच के दौरान पाया गया कि ठेकेदार ने नाली के बेस को 12 इंच की जगह मात्र पांच इंच मोटा ही बनाया है। इतना ही नहीं नाली की दीवार में जो लोहे की सरिया लगनी थी वो 4-4 इंच के गैप में लगनी थी, लेकिन ठेकेदार ने लोहे की चोरी करने के लिए दो सरिया के बीच की दूरी को 8 इंच रखा है। अधीक्षण यंत्री और शहर मंत्री ने भी इस पर आपत्ती जताई है।

### पुराने पोल से जोड़ दिया नए पोल का ऊपरी भाग

निगम के इंजीनियर्स की टीम ने लग रहे नए पोल की जांच की तो पाया गया कि पुराने पोल पूरी तरह से सही थे उसके बाद भी उनकी जगह नए पोल लगाए गए। इतना ही नहीं जो नए पोल लगाए गए हैं उन्हें पूराने पोल को काटे गए टुकड़े से ही ब्लेडिंग करके जोड़ दिया गया है। पार्षद हरिओम तिवारी ने कहा कि जांच के दौरान साबित हुआ है कि निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया गया है और जनता के पैसों का दुरुपयोग किया गया है।

**जांच अधिकारी ने कहा कल सम्मिट होगी रिपोर्ट:** इस बारे में जब निगम के अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट बन गई है। कल इसे आयुक्त के सामने सौंपा जाएगा। उसके बाद ही इसके बारे में कोई जानकारी दी जाएगी।

## 64 वें नेशनल कला प्रदर्शनी में शामिल हुए भिलाई के कलाकार



**भिलाई।** 64 वें नेशनल आर्ट इक्जीबिशन का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। इस आयोजन में भिलाई के भी कलाकार शामिल हुए। ललित कला अकादमी के बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन सहित अन्य प्रदर्शनी में शामिल हुए। मंडी हाउस स्थित रविन्द्र भवन की गैलरी में प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया। इस दौरान पद्मविभूषण मूर्तिकार रामसुतार, पद्मश्री प्रिंट मेकर श्याम शर्मा, संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल, ज्वाइंट सेक्रेटरी अमिता प्रसाद सारभाई, सेक्रेटरी इंचार्ज राजीव कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. नंदलाल ठाकुर, माडर्न आर्ट गैलरी के डायरेक्टर जनरल, सहित समस्त बोर्ड मेम्बर और देश भर से आए हुए कलाकार उपस्थित थे। देवांगन ने बताया कि प्रतिवर्ष नेशनल आर्ट इक्जीबिशन किया जाता है। इसमें शामिल होना देश भर के कलाकारों के लिए गौरव की बात होती है। हजारों कलाकारों द्वारा भेजे गए प्रविष्टियों में से चुनिंदा कृतियों का चयन होता है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने सहायक अधीक्षकों को सौंपा प्रभार



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रशासनिक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के हड़ताल अवधि में तहसीलों में कार्यालयीन कार्यों के सुचारू संपादन तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के अंतर्गत भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ सहायक अधीक्षक भू-अभिलेखों को तहसीलवार प्रशासनिक प्रभार सौंपा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख अजय कुमार मेरावी को तहसील दुर्ग का, आलोक शुक्ला को तहसील बोरी का तथा श्याम लाल साहू को तहसील पाटन का प्रशासकीय प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख शंकर प्रसाद तिवारी को तहसील अहिवारा का, प्रभा चन्द्राकर को तहसील भिलाई-3 का तथा संतोष कुमार नागरे को तहसील धमधा का प्रभार दिया गया है। आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### मिलावट के कानून को कमजोर करना सेहत से खिलवाड़

**दुर्ग।** खाद्य पदार्थों में मिलावट पर आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाए हैं। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि खाने-पीने की चीजों दूध, घी, पनीर सहित अन्य चीजों में मिलावट से लोग गंभीर बीमारी का शिकार हो रहे हैं। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट पर खाद्य और औषधि प्रशासन की लापरवाही एक अत्यंत गंभीर और चिंताजनक विषय है, क्योंकि यह सीधे जनता के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा हुआ मामला है। जब संबंधित विभाग, जिसका कार्य खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है, अपनी जिम्मेदारियों में लापरवाही करता है, तो मिलावटखोरों का हौसला और बढ़ जाता है। मिलावट मिलने पर गंभीरता के आधार पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है, जिससे मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं। अब उनको सजा का डर नहीं रह गया। दुर्ग में नकली खोया और सिंथेटिक दूध, नकली रिफाइंड तेल, हल्दी, मिर्ची पाउडर और धनिया पाउडर में रंग सहित अन्य प्रकार की शिकायत लगातार मिल रही हैं। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### शालिनी वर्मा को मनोविज्ञान में पीएचडी

**भिलाई।** मैत्री कॉलेज की सहायक प्राध्यापिका शालिनी वर्मा को मनोविज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है।



उनके शोध का विषय निजी स्कूल की महिला शिक्षकों की मनोवैज्ञानिक भलाई के भविष्यवक्ता के रूप में भावनात्मक हिंसा और मुकाबला करने की रणनीतियां था। उन्होंने गुरप्रीत कौर छाबड़ा और डॉ. बसंत सोनबेर के मार्गदर्शन में शोध पूरा किया। शालिनी वर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में पहले ही पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर ली थी। यह उनकी दूसरी पीएचडी है। शालिनी वर्मा के पति हिमांचल प्रसाद बीएसपी के मार्स वन विभाग में डिप्टी मैनेजर हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर दफ्तरों में होगी रोशनी, परेड के लिए रिहर्सल 12 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जिले में गरिमामयी एवं हर्षोल्लास के साथ जिला मुख्यालय स्थित प्रथम बटालियन दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9 बजे से किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अधिकारियों को विभागवार जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके अनुसार अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दुर्ग को संपूर्ण कार्यक्रम हेतु प्रभारी अधिकारी का दायित्व दिया गया है। ध्वजारोहण उपरांत जिला मुख्यालय में परेड की सलामी ली जायेगी। जिसके लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग, कमाण्डेंट होमगार्ड दुर्ग एवं कमाण्डेंट केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल भिलाई को दायित्व सौंपा गया है।

## जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8 बजे किया जाएगा झंडारोहण

### अलग सेक्टर का किया जाएगा निर्माण

अतिथि, प्रेस, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आम जनता, महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग सेक्टर का निर्माण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग एवं आयुक्त नगर पालिक निगम, दुर्ग के द्वारा की जायेगी। बेरिकेटिंग के लिए आवश्यकता अनुसार बांस, बल्लियां वनमण्डलाधिकारी द्वारा प्रथम बटालियन दुर्ग में उपलब्ध करायी जाएंगी। बेरिकेटिंग का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग एवं नगर पुलिस अधीक्षक, दुर्ग के साथ समन्वय कर किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उत्पन्न गडढों की मरम्मत लोक निर्माण विभाग दुर्ग द्वारा की जायेगी। ननि दुर्ग द्वारा कार्यक्रम स्थल एवं प्रथम बटालियन दुर्ग की साफ-सफाई, पेयजल हेतु टेंकर, मोबाईल टायलेट इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। वाटरप्रुफ शामियाना एवं कुर्सियों, सोफासेट, माईक, लाउडस्पीकर आदि की व्यवस्था आयुक्त, नगर नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नपाप, नपं. धमधा अहिवारा द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम स्थल में ध्वजदण्ड, चबुतरे का निर्माण, कार्यक्रम में उपस्थित वीआईपी एवं विशिष्ट अतिथियों के लिए पेयजल एवं जलपान की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग के द्वारा की जायेगी। कार्यक्रम स्थल पर प्लास्टिक गिलास का उपयोग नहीं करने कहा गया है। सूर्यास्त के पूर्व इसे उतारने की समुचित व्यवस्था, ध्वजारोहण की सम्पूर्ण व्यवस्था रक्षित निरीक्षक, पुलिस लाईन दुर्ग के द्वारा की जायेगी।

### मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समिति बनाने तथा स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने तथा कार्यक्रम स्थल में रंगोली की व्यवस्था करने जिला शिक्षा अधिकारी को कहा गया है। मंच सजावट के लिए फूल माला, पेन्ट किए हुए एवं गुणवत्ता पूर्ण गमले की व्यवस्था, उद्यानिकी विभाग को, निर्बाध विद्युत कनेक्शन, जनरेटर आदि की व्यवस्था के लिए कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित दुर्ग को दायित्व दिया गया है। मुख्य अतिथि द्वारा संबोधन एवं मुख्यमंत्री का संदेश का वाचन किया जायेगा। संदेश पुस्तिका उप संचालक, जनसम्पर्क दुर्ग के द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। कार्यक्रम स्थल में उद्घोषक ममता ध्रुव, शिक्षा विभाग, अनिता सावंत पर्यावरण विभाग दुर्ग एवं श्रीमती उर्मिला ओझा ट्राईबल विभाग रहेगें। 15 अगस्त के अवसर पर विभागीय उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा मंच से सम्मानित किया जावेगा। जिसकी कार्यवाही सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा की जाएगी। मंच से प्रशस्ति पत्र वितरण हेतु प्रभारी अधिकारी हितेश पिस्दा डिप्टी कलेक्टर रहेंगे।

### स्मारकों की कराएंगे सफाई

15 अगस्त के पूर्व नगर में सभी जगह, सभी महत्वपूर्ण स्मारकों की साफ सफाई सुनिश्चित कराने के लिए आयुक्त नगर निगम दुर्ग, आयुक्त नगर निगम भिलाई, महाप्रबंधक नगर प्रशासन बीएसपी भिलाई तथा समस्त नगरीय निकाय प्रमुख को दायित्व दिया गया है। पंचायत स्तर पर निर्मित जय स्तंभों की साफ-सफाई की व्यवस्था अपने-अपने क्षेत्रों में उप संचालक पंचायत दुर्ग एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सर्व द्वारा कराई जायेगी। सर्व कार्यालय प्रमुख, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सर्व जिला दुर्ग तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सर्व जिला दुर्ग को जिले के सभी तहसील, विकासखण्ड, ग्राम स्तर पर सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समारोह का आयोजन सुनिश्चित कराने का दायित्व दिया गया है। अतिथियों, अधिकारी, कर्मचारियों तथा दर्शकों के वाहनों की समुचित पार्किंग व्यवस्था उप पुलिस अधीक्षक यातायात तथा पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग करेंगे।

**खानापूर्ति : पिछले महीनेभर से चलाया जा रहा अभियान, इसके बाद भी नहीं रुक रहे कब्जे**

# अतिक्रमण हटाने के लिए दिखावे की कार्रवाई
# धमधा नाका, पोटिया में कब्जों की भरमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में पिछले करीब महीनेभर से अतिक्रमण को हटाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। महापौर अल्का बाघमार सहित निगम का अमला हर दिन शहर में घूम-घूमकर ऐसे अतिक्रमणकारियों के बारे में जानकारी ले रहे हैं। कार्रवाई भी की जा रही है, बावजूद इसके शहर में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। शहर के आधा दर्जन से ज्यादा जगहों पर अब भी अतिक्रमण है। मुख्य सड़कों पर ही बेखौफ कब्जे किए जा रहे हैं, पक्का निर्माण कर दुकानें संचालित की जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर विपक्ष के पार्षदों ने निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। आरोप लगाया है कि निगम द्वारा की जा रही कार्रवाई दिखावे की है और चेहरा देखकर कार्रवाई की जा रही है। जबकि शहर के धमधा नाका, पोटिया, बोरसी, पुलगांव, महिला समृद्धि बाजार, शनिचरी बाजार, सत्ती चौरा, गंजपारा से लेकर अन्य जगहों पर अब भी कब्जे हैं। राजनीतिक रसूक रखने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। कुछ वर्ग विशेष के लोगों को ही परेशान किया जा रहा है। जबकि शहर में अतिक्रमण की चपेट में शहर की लगभग सभी सड़कें हैं। स्टेशन चौक और रेलवे स्टेशन के सामने भी अतिक्रमण है। पार्किंग के इंतजाम नहीं होने से सड़क पर वाहन खड़े किए जा रहे हैं।

## कांग्रेसी पार्षदों ने लगाया चेहरा देखकर कार्रवाई करने का आरोप, विस्थापित किए जाने की मांग



### धमधा नाका क्षेत्र में एफसीआई से बायपास तक कब्जे

धमधा नाका क्षेत्र में एफसीआई से लेकर बायपास सड़क तक सड़क के दोनों पर अतिक्रमण है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने पक्का निर्माण कर लिया है। टीन शेड की मदद से अवैध गुमटी बनाकर दुकान का संचालन किया जा रहा है। इस क्षेत्र में बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई, मोटर मैकेनिक से लेकर अन्य दुकानें संचालित हो रही है। वहीं ठेले और खोमचों में सड़क पर दुकान सज रही हैं। इसी प्रकार पोटिया और पुलगांव चौक में भी अतिक्रमण है। बोरसी, विद्युत नगर सड़क पर भी अतिक्रमण किया गया है। इन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### मार्केट में अभियान चलाकर हटाया गया था अतिक्रमण

पिछले दिनों ने इंदिरा मार्केट क्षेत्र में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया था। पुराना बस स्टैंड के आसपास से सारे निर्माण तोड़ दिए गए थे। इसके अलावा अन्य कार्रवाई की गई थी। वर्तमान में इन जगहों पर पुनः अतिक्रमण शुरू हो गया है। ठेले में बैठकर दुकानें लगाई जा रही है। बता दें कि इस क्षेत्र के व्यापारियों को पहले ही दुकानें आवंटित की जा चुकी है। बावजूद इसके उनके द्वारा इस जगह पर दोबारा दुकानें लगाई जा रही है। धीरे-धीरे इस क्षेत्र में पुनः कब्जा शुरू हो गया है। इस अतिक्रमण के हटने के बाद ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त हुई थी।

### महापौर व आयुक्त ने मार्केट से अतिक्रमण हटाने दिए निर्देश

त्योहारी सीजन में इंदिरा मार्केट क्षेत्र में बढ़ने वाली भीड़ और यातायात अव्यवस्था से



निपटने के लिए नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इंदिरा मार्केट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर और आयुक्त ने बाजार व्यवस्था, सड़क की चौड़ाई, अतिक्रमण की स्थिति और यातायात मार्ग का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे। मेयर ने इंदिरा मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल और आसपास के क्षेत्र में दुकानों की सीमा तय करने के लिए चूना मार्किंग कराने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि कोई भी दुकानदार सड़क क्षेत्र से आगे दुकान नहीं लगाएगा। यदि किसी ने तय सीमा से बाहर दुकान लगाई, तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। दुकान को तत्काल हटाया जाएगा। सड़क घेरकर लगाए गए बड़े-बड़े पंडालों को देखकर मेयर ने नाराजगी भी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान पचरीपारा जाने वाली गली के पास अवैध रूप से बनाए गए चबूतरे को मौके पर जेसीबी मशीन से तोड़ा गया।

### निगम की कार्रवाई दिखावे की, विस्थापन दिया जाए

निगम की कार्रवाई दिखावे की है, जिन्हें हटाया गया है, उन्हें विस्थापन दिया जाना चाहिए। इस विषय को लेकर लगातार विपक्ष के पार्षद उठाते रहे हैं। निगम में चेहरा देखकर कार्रवाई की जा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जल्द ही इस विषय को लेकर निगम में प्रदर्शन किया जाएगा।
**-संजय कोहले,** नेता प्रतिपक्ष नगर निगम दुर्ग

### औपचारिकता न निभाएं अधिकारी करें सख्त कार्रवाई : महापौर अल्का



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महापौर अल्का बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नगर निगम के डाटा सेंटर में वार्डवार इंजीनियरों के साथ शहर में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सड़कों के निर्माण, नालियों की मरम्मत एवं सफाई, डेयरी संचालकों पर कार्रवाई और पार्क क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था पर चर्चा हुई। महापौर अल्का बाघमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर के हर वार्ड में जहां भी सड़कों और नालियों की तत्काल आवश्यकता है, वहां की स्थिति का सर्वेक्षण कर सूची तैयार करें। इसके आधार पर प्रस्ताव बनाकर जानकारी के साथ दो दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाता है, महापौर ने कहा कि दुर्ग को आदर्श शहर बनाने के लिए नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। प्रदेश सरकार के निर्देशन और नगर विकास विभाग के सहयोग से सड़कों के निर्माण के साथ-साथ नाले-नालियों का निर्माण एवं मरम्मत, पार्कों की सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने इंजीनियरों को दादा-दादी और नाना-नानी पार्क की नालियों का निरीक्षण कर यह पता लगाने के निर्देश दिए कि नालियां बार-बार ब्लॉक क्यों हो रही हैं।

#### प्रस्तावों में हो काम की प्राथमिकता

जिन कार्यों की सूची सप्ताहभर पहले अधिकारियों से मांगी गई थी, उनकी पूरी जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। प्रस्तावों में कार्य की प्राथमिकता, अनुमानित लागत और अपेक्षित समयसीमा का उल्लेख होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि समय सीमा का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान डेयरी संचालकों के कारण गंदगी और अव्यवस्था पर भी चर्चा हुई। महापौर ने कहा कि नोटिस देने के बाद भी यदि नियमों का पालन नहीं किया जाता, तो अधिकारी केवल औपचारिकता न निभाएं बल्कि सख्त कार्रवाई करें।

## गिधवा स्कूल में सरपंच प्रतिनिधि ने ली बैठक



**साजा।** साजा विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला गिधवा में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर सरपंच प्रतिनिधि भाजयुमो के जिला मंत्री युवराज धृतलहरे शामिल हुए। उक्त बैठक में प्रधान पाठक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रसोईया व समस्त पालक लोगों के साथ बैठक किया गया। जिसमें प्रधान पाठक संतोष पाटले, पालजी, दिलहरन साहू, रमशिला महिलांगे, सायमन, छोटू मानिकपुरी, ज्ञान सिंग, बैनकुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मानसिक विकास के लिए विद्यार्थियों को बांटा गया 4 हाउस में, करेंगे प्रतिस्पर्धा

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालयमें अध्ययनरत स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को 4 पृथक-पृथक हाउस में विभक्त किया गया है। इन 4 हाउस के मध्य आपस में वर्षभर रचनात्मक प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। संयोजक डॉ. राकेश तिवारी एवं सह-संयोजक लक्ष्मेन्द्र कुलदीप ने बताया कि विद्यार्थियों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति स्नेह एवं समर्पण की भावना जागृत करने इन 4 हाउस को स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के नाम पर ही रखा गया है। प्रथम हाउस का नाम भगत सिंह हाउस, द्वितीय हाउस चंद्रशेखर आजाद हाउस, तृतीय सुभाषचंद्र बोस व चतुर्थ हाउस का नाम विवेकानंद हाउस रखा गया है।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि इन 4 हाउस को गठन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को उभारने अवसर प्रदान करना है। इन 4 हाउस में विभक्त विद्यार्थी आपस में स्वस्थ्य स्पर्धा द्वारा अपनी क्षमता को प्रदर्शित करेंगे। कालेज में आयोजित होने वाली गतिविधियों में रचनात्मक सहयोग भी देंगे। प्रत्येक हाउस की गतिविधियों के सफल संचालन के लिए 7-7 नियमित एवं अतिथि प्राध्यापकों को भी प्रभारी के रूप में दायित्व सौंपा गया है। हाउस के प्रभारी प्राध्यापक एवं विद्यार्थी 8 अगस्त को आयोजित होने वाले विश्व आदिवासी दिवस समारोह में सहभागिता निभाएंगें। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न गतिविधियों चित्रकला, मूर्तिकला, ड्राइंग, रंगोली, वाद-विवाद, भाषण, परिचर्चा, एकल एवं समूह नृत्य, एकल एवं समूह गान आदि द्वारा प्रतिभागी अपनी दक्षता को प्रदर्शित करेंगे।

## जागरुकता शिविर में स्वास्थ्य, पोषण व डिजिटल सुरक्षा पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत स्तनपान सप्ताह के अवसर पर प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम

■ प्रयास स्कूल में स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जांबुलकर एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ. ओमेश खुराना ने स्तनपान की आवश्यकता, जन्म के पहले छह माह तक केवल माँ के दूध की महत्ता



तथा पहले पीले गाढ़े दूध (कोलेस्ट्रम) के पोषण संबंधी लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने खेलों के माध्यम से बच्चों और उपस्थित जनों को यह भी समझाया कि माँ के दूध का कोई विकल्प नहीं है, और यह जच्चा-बच्चा दोनों के लिए संपूर्ण पोषण का स्त्रोत है। इसके साथ ही लेखराम ध्रुव द्वारा वित्तीय प्रबंधन एवं ऑनलाइन डिजिटल सुरक्षा के विषय में जानकारी दी गई। अजय कुमार साहू ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण और करियर की दिशा तय करने पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही विभाग की प्रमुख योजनाओं जैसे- महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मिशन शक्ति, सखी वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 और कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा आदि की जानकारी साझा की। मौके पर विनिता गुप्ता, लक्ष्मीकांत यादव, आदि मौजूद थे।

## भिलाई में खुलेगा टेक्नोलॉजी सेंटर, तैयार होंगे प्रोफेशनल ड्रोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रदेश के टेक्नोक्रेट्स अब ड्रोन टेक्नोलॉजी में माहिर बनेंगे। उनको न सिर्फ ड्रोन फ्लाइंग का प्रमाणित पायलट बनाया जाएगा, बल्कि इस फील्ड में इनोवेशन और रिसर्च भी करेंगे। इसके लिए भिलाई की रूंगटा इंटरनेशनल स्किलस यूनिवर्सिटी और ड्रोन टेक्नोलॉजी कंपनी नियोस्काई इंडिया के बीच एमओयू हुआ। इस एमओयू के तहत रूंगटा यूनिवर्सिटी में प्रदेश का पहला ड्रोन टेक्नोलॉजी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत होने जा रही है। इस सेंटर के जरिए युवाओं को नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए से सर्टिफाइड ड्रोन पायलट बनाया जाएगा। ड्रोन पायलेटिंग का लाइसेंस हासिल करने के बाद युवा रक्षा, निगरानी,



कृषि, लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में कॅरियर बना सकेंगे। ये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खास तकनीकी सिमुलेशन टूल्स, उड़ान अभ्यास (फ्लाइट ट्रेनिंग) और रिसर्च की सुविधाओं से लैस होगा। यहां छात्र न केवल ड्रोन उड़ाना सीखेंगे, बल्कि उनमें नए प्रयोग भी करने का मौका मिलेगा।

**एमओयू पर किए हस्ताक्षर:** इस समझौते पर रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी और नियोस्काई इंडिया के अर्चित कलश ने हस्ताक्षर किए। डॉ. सूरीशेट्टी ने कहा कि ड्रोन अब केवल शौक की चीज नहीं रहे, बल्कि ये राष्ट्रीय सुरक्षा और आधुनिक टेक्नोलॉजी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। हमारा लक्ष्य है कि छात्र इन तकनीकों में निपुण बनें और देश की प्रगति में योगदान दें। यह साझेदारी रूंगटा यूनिवर्सिटी की एक और बड़ी उपलब्धि है, जो यह दिखाती है कि यूनिवर्सिटी अपने छात्रों को इंडस्ट्री-रेडी बनाने और नई तकनीकों से जोड़ने के लिए लगातार काम कर रही है। नियोस्काई के रिप्रजेंटेटिव ने कहा कि, डीजीसीए के नियमों से पायलट बनने के बाद युवाओं को लाइसेंस जारी होगा। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद छात्र वैध रूप से ड्रोन ऑपरेट कर सकेंगे और सरकारी व निजी क्षेत्रों में नौकरी के लिए तैयार होंगे।

PAWAN CONSULTANCY
● MBBS, MS/MD ● B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture
● BDS, MDS ● AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR
● BAMS ● ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY
● BHMS ● BBA, MBA
● BNYS ● LLB, LLM
● BPT ● BCA, MCA
● NURSING ● VETERINARY
● PARAMEDICAL ● B.Lib, M.Lib
● D. PHARMA ● Nursery to Class 12th (All subject)
● B. PHARMA ● All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC)
● M. PHARMA ● PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION
We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission
Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
● Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
● Education Loan Facility ● On The Spot Admission
Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण


रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

## खबर संक्षेप

### राधे राधे कहने पर बच्ची को प्रताड़ना, छग बाल संरक्षण आयोग ने लिया संज्ञान



**भिलाई।** दुर्ग जिले में राधे राधे बोलने पर मासूम बच्ची के मुंह में टेप चिपकाने और उसे मारने के मामले पर छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने स्कूल के प्रबंधक और प्रिंसिपल को रायपुर तलब किया है। आयोग ने इस मामले में स्वतः संज्ञान में लिया है और प्रकरण दर्ज करते हुए स्कूल की प्रबंधक और प्रिंसिपल को 14 अगस्त को तलब किया है। 1 अगस्त को हुई इस घटना को मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। नंदिनी पुलिस ने इस मामला दर्ज किया हऔर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके खिलाफ छत्तीसगढ़ बजरंग दल के लोगों ने भी काफी हंगामा किया था। इस पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए आयोग ने बा अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा 13(जे) व 14 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मामला दर्ज किया गया। घटना नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बागडूमर स्थित मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुई थी। छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग ने इसको लेकर जिला बाल संरक्षण अधिकारी और थाना प्रभारी नंदिनी को भी तलब किया है। साथ ही पीड़ित बच्ची और उसके अभिभावक से मिलकर स्वास्थ्य संबंधी रिपोर्ट मांगी है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि ऐसे मामले में बच्ची और उसके परिवार को अपना धार्मिक पंथ चुनने के पूरा अधिकार है। इस मामले में उनके अधिकारों का हनन किया गया है। यह किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 के अंतर्गत बच्चों के प्रति क्रूरता के दायरे में आता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रकरण की पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ जांच की जाएगी

### कुरुद नाला में डूबने से युवक की मौत

भिलाई। कुरुद नाले में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में जामुल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक गोकुल धाम निवासी देवेन्द्र यादव उर्फ भुरवा मंगलवार शाम से घर से निकला था। कभी कतभी मेशी भी चराया करता था।

**पर्व : राखी बाजार में लोगों की भीड़**

# कल सौभाग्य और सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाया जाएगा रक्षाबंधन पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



सावन पूर्णिमा के दिन 9 अगस्त को भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षा बंधन उत्साह से मनाया जाएगा। इस दिन बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांध कर उनसे आशीर्वाद लेंगी। वहीं भाई अपने बहनों को गिफ्ट देकर सुख-दुख में साथ देने का वचन देंगे। रक्षाबंधन का यह पर्व एक ऐसा पर्व है जिसे देश भर में धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल दशकों बाद रक्षाबंधन पर दुर्लभमहा संयोग बन रहा है। दिन, नक्षत्र, पूर्णिमा संयोग, राखी बांधने का समय लगभग समान है।

इस योग में लक्ष्मी नारायण की पूजा करने और राखी बांधने से दोगुना फल मिलेगा। रक्षाबंधन के दिन सौभाग्य योग का संयोग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग सुबह 5 बजकर 47 मिनट से लेकर दोपहर 2 बजकर 23 मिनट तक है। ज्योतिषियों के अनुसार 8 अगस्त को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर सावन महीने की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत होगी और 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट पर पूर्णिमा तिथि समाप्त होगी। 8 अगस्त को भद्रा दोपहर 2 बजकर 12 मिनट से 9 अगस्त को देर रात 1 बजकर 52 मिनट तक है। इसलिए 9 अगस्त को राखी का त्योहार मनाया जाएगा।

#### इस समय बांध सकते हैं राखी

9 अगस्त को राखी बांधने का सही समय सुबह 5 बजकर 21 मिनट से लेकर दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक है। इस समय तक बहनें अपने भाई को राखी बांध सकती हैं। इसके बाद भाद्र पद महीने की शुरुआत होगी।

भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन को लेकर हर्षोल्लास का माहौल है। पर्व को मनाने की तैयारियों में जहां लोग जुटे हुए हैं। वहीं बाजार में सजी राखियों की दुकानों में चहल-पहल बनी हुई है। त्यौहार के चलते शहरी सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में इन दिनों रौनक बनी हुई है। ज्ञात हो कि अगस्त माह में लगातार पर्वो का क्रम है। जिसके तहत 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व है।

शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार सहित चौक-चौराहों व विभिन्न स्थानों पर राखियों की दुकानें लगभग पंद्रह दिन पूर्व से ही सज चुकी है। राखी व्यवसायियों ने बताया कि इस वर्ष एक से बढ़कर एक राखियां बाजार में उपलब्ध है। जिसमें रेशम की डोरी, फैंसी डोरी, लूंबा, जरी, एडी के अलावा कई प्रकार के कार्टून बनी राखियां उपलबध है। लोगों के बीच फैंसी एवं एडी राखियों की मांग अधिक है। बच्चों के बीच कार्टून बनी राखियों की सर्वाधिक मांग है।

## शैक्षिक विकास एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए समुदाय की भागीदारी आवश्यक : डीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासन के निर्देशा पर जिले के सभी शासकीय शिक्षण संस्थाओं में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पालकों को शिक्षकों के द्वारा विद्यालय की विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई, साथ ही उनसे विद्यालय विकास एवं शैक्षिक गुणवत्ता हेतु सलाह लिया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय जेवरी में आयोजित पालक शिक्षक बैठक मे उपस्थित हुए। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों के विकास एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए समुदाय की भागीदारी आवश्यक है। समय-समय पर पालकों की विद्यालय में उपस्थित से विद्यालय की विभिन्न समस्याओं का समाधान संभव हो पाता है। साथ ही शिक्षकों को मार्गदर्शन मिलता है। जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक सक्षमता से कर पाते हैं। परीक्षाओं के बाद आयोजित होने वाली बैठक के माध्यम से परीक्षा परिणाम पर चर्चा हो पाती है और परिणाम में अपेक्षित सुधार संभव हो पाता है। उन्होंने शिक्षकों से समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपना संपूर्ण योगदान देने की बात कही। उक्त बैठक में सरपंच कांति साहू, उप सरपंच लक्ष्मी साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुबेर साहू, सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र साहू, व्याख्याता सुनील कुमार झा, धनंजय शर्मा, जनप्रतिनिधि सहित विद्यार्थियों के पालकगण एवं संस्था के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

## सिंघौरी हुआ विद्यालय स्तर की मेगा बैठक



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एंव हाई स्कूल सिंघौरी में मेगा बैठक का आयोजन किया गया।यह बैठक का मुख्य उद्देश्य पालक और शिक्षक दोनों मिलकर बालक की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार कैसे किया जा सकता है पर आधारित था।

नुतेश्वर चंद्राकर द्वारा बैठक की प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया, जिसमें पालकों द्वारा भी अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किये गए। मेगा बैठक में मुख्य रूप से मेरा कोना, छात्र दिनचर्या,बच्चें ने आज क्या सीखा,बच्चा बोलेगा बेबिझक,परीक्षा पर चर्चा, न्योता भोज,बस्ता रहित शनिवार, जाति,आय एंव निवास प्रमाण पत्र जैसे बिंदु पर चर्चा किया गया। संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की और बताया कि हमारे विद्यालय से इंस्पायर अवार्ड एवं विज्ञान प्रतिभा खोज जैसे प्रतियोगी परीक्षा में भी बच्चों का चयन हुआ है। जो बच्चे कक्षा स्तर के हिसाब से कमजोर है उसे उपचारात्मक शिक्षण के तहत बेसिक ज्ञान के जानकारी दी जा रही है। एसएमसी के अध्यक्ष एवं सदस्यों का स्कूल में सीसीटीवी कैमरा लगाने पर आभार व्यक्त किया और बताएं कि कैमरा लग जाने से असामाजिक तत्वों की शरारती हरकतों पर अंकुश पाया जा रहा है। उक्त आयोजन में प्रकाश ठाकुर पार्षद टोकेश्वर साहू पार्षद शाहिद नारद साहू एसएमसी अध्यक्ष पोषण वर्मा शिक्षाविद कमल मानिकपुरी गजाधर साहू गायत्री सोनी सविता दीवार मालती लहरी सहित पलक गढ़ उपस्थित थे।विद्यालय परिवार की ओर से राम गोपाल चंद्राकर प्राचार्य, मीनाक्षी शर्मा प्रधान पाठक,धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक,शशिकला यादव, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल,प्रतिभा, राजेश गायकवाड किरण खरे एवं पूनम साहू उपस्थित रहे।

## विधायक दीपेश को क्षेत्र की बहनों और श्रीराम एकेडमी की छात्राओं ने बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



रक्षाबंधन का पर्व विधायक कार्यालय में आत्मीयता, भाईचारे और स्नेह का सजीव उदाहरण बना रहा। विधानसभा क्षेत्र की दर्जनों बहनों ने विधायक दीपेश साहू को रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा मानते हुए सुख-दुख में साथ निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा –रक्षाबंधन का यह पर्व बहन-भाई के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। आज आप सभी बहनों ने मुझे रक्षासूत्र बांधकर जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। एक भाई के रूप में मैं आपको यह वचन देता हूं कि जीवनभर आपके सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करता रहूंगा। बेमेतरा के विकास में आपकी भागीदारी भी सुनिश्चित हो, इसके लिए आपके कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करूंगा। विधायक साहू ने उपस्थित सभी बहनों को उपहारस्वरूप स्नेह भेंट भी प्रदान की। श्रीराम एकेडमी की छात्राओं ने भी दिखाई भावनात्मक एकजुटता

रक्षाबंधन के दो दिन पूर्व श्रीराम एकेडमी की छात्राएं, जो विधायक दीपेश साहू द्वारा प्रारंभ की गई निःशुल्क कोचिंग योजना का हिस्सा हैं वे भी विधायक निवास पहुंचीं। इन छात्राओं ने साहू को राखी बाँधकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा आप सभी बहनें मेरी बेटियों के समान हैं। आपकी शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए जो कुछ भी संभव होगा, मैं करूंगा। आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव प्रतिबद्ध हूं।विधायक साहू ने श्रीराम एकेडमी की सैकड़ों बहनों को उपहारस्वरूप एक-एक स्कूल बैग भी भेंट किए।

कार्यक्रम में बहनों की उपस्थिति और आशीर्वाद से पूरा माहौल भावुक हो उठा। रक्षाबंधन का यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि समाज में स्त्री-सम्मान, सुरक्षा और सहयोग के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन गया।विधायक ने सभी बहनों को एक भाई के रूप में हर दुःख-सुख में साथ देने का वचन दिया।

## स्वास्थ्य केंद्र पदमी घिवरी में सास-बहू सम्मेलन आयोजित



**बेमेतरा।** उप स्वास्थ्य केंद्र पदमी घिवरी में सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में परिवार नियोजन और जनसंख्या नियंत्रण के महत्व पर चर्चा की गई। सुपरवाइजर के के निर्मल ने सास और बहू को सुखी जीवन के लिए परिवार नियोजन की आवश्यकता के बारे में जहां बताया वहीं परिवार नियोजन के अस्थाई साधन जैसे कॉपर टी, कंडोम, छाया गोली, माला एन गोली, अंतरा इंजेक्शन और स्थाई साधन जैसे पुरुष नसबंदी और महिला नसबंदी की सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी दी और अस्थाई साधनों का उपयोग करके बच्चों के बीच गैप रखने की सलाह दी गई, जिससे पहले बच्चे को सुपोषित और महिलाओं का शरीर दूसरे बच्चे के लिए तैयार हो सके। एलएचवी सरला पाण्डेय ने महिलाओं को परिवार नियोजन अपनाने की सलाह दी। जनसंख्या नियंत्रण के महत्व को समझाना और परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना और लोगों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रोत्साहित करना।

## सैकड़ों बहनों ने बांधी योगेश तिवारी को राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





**भावुक हुए योगेश तिवारी**

बहनों से राखी बंधवाने के बाद मंच पर योगेश तिवारी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मैं खुद को अत्यंत सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस भूमि की सेवा और यहां की बहनों का स्नेह प्राप्त हुआ है। रक्षाबंधन मेरे लिए सिर्फ पर्व नहीं, जनसेवा की प्रेरणा है। यह धागा मेरे लिए केवल राखी नहीं, बल्कि मेरे कर्तव्यों का स्मरणपत्र है।उन्होंने आगे कहा कि हर साल यह छोटा-सा आमंत्रण एक विशाल जनआस्था के उत्सव में बदल जाता है। यही मेरा आत्मबल है।

रक्षाबंधन पर्व पर बेमेतरा विधानसभा के नेवनारा स्थित चंडी मंदिर परिसर में बुधवार को एक भावनात्मक आयोजन देखने को मिला। इस बार भी क्षेत्रभर की हजारों बहनों ने भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा नेता एवं समाजसेवी योगेश तिवारी को राखी बांधकर स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया। अनुमानतः 10 से 12 हजार बहनों की उपस्थिति में यह आयोजन क्षेत्र के सबसे बड़े सामाजिक-सांस्कृतिक पर्व के रूप में तब्दील हो गया। दोपहर 1 बजे से प्रारंभ हुए इस आयोजन में देर शाम तक रक्षाबंधन का उल्लास, बहनों की मुस्कानें और भाइयों की भावनाएं वातावरण में गूंजती रहीं। पूरा मंदिर परिसर एक विशाल मेले में परिवर्तित हो गया। बहनों ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर योगेश तिवारी को राखी बाँधी और उनके दीर्घायु, सेवा-भाव और जनकल्याण की प्रार्थना की। **विशेष व्यवस्था, मानस गान से गुंजा परिसर:** कार्यक्रम स्थल पर हजारों बहनों के लिए भोजन और विश्राम की विशेष व्यवस्था की गई थी। मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए विशाल पंडाल लगाए गए थे। आयोजन को सांस्कृतिक स्वरूप देने हेतु स्थानीय रामायण मंडलियों द्वारा मानस गान की प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक और श्रद्धामय हो उठा। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने सभी क्षेत्रवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बेमेतरा में रक्षाबंधन सिर्फ एक पारिवारिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक बन गया है।

## चुहका में हुआ पालक व शिक्षकों का बैठक



**बेमेतरा।** साजा विकासखण्ड, संकुल केन्द्र हाटरांका के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चुहका में प्रथम पालक शिक्षक मेगा बैठक संपन्न का आयोजन किया गया। गुरुवार को शासन के निर्देशानुसार बैठक रखा गया। बैठक में विभिन्न विषयों में चर्चाएं की गई। जिसमें पालकों से बेहतर संवाद स्थापित करने, बच्चों को उचित शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना, बच्चों ने आज क्या सीखा, पालक व बालक के बीच समन्वय स्थापित करने, भविष्य के संभावनाओ को निखारने व जाति प्रमाण पत्र बनाने, अपार आईडी बनाने, पाक्सो एक्ट, दीक्षा ऐप, जादुई पिटारा की जानकारी दी गई।पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने , मासिक आकलन, उपचारतमक शिक्षण, आदि मुद्दो पर पालकों से चर्चा किया गया। बैठक में एस एम सी अध्यक्ष प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला उषा यादव, पीला राम पटेल , पालकगण, जनप्रतिनिधि,प्रधानपाठक मंजुलता धुर्वे, रिखी राम यादव,शिक्षक दीपक राजपूत, किशन लाल ठाकुर, अलमू दास महिलांगे, प्रकाश साहू उपस्थित रहे।




## ठेलका सेजस में हुआ पीटीएम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय ठेलका में मेगा पालक -शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप विकास खण्ड शिक्षाधिकारी निलेश चंद्रवशी, ग्राम पंचायत ठेलका सरपंच माधुरी साहू,संस्था के प्राचार्य टी एल साहू, सी ए सी रमेश साहू,मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक सी पी पवार मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षाधिकारी ने कहा कि पालक और शिक्षक मिलकर मिलकर बच्चे का सुंदर भविष्य का निर्माण कर सकते है।

पालक प्रतिदिन बच्चों के साथ थोड़ा समय निकालकर बैठे। बच्चों को मोबाइल का कम से कम उपयोग करने दे एवं पालक हमेशा अपने बच्चों पर ध्यान रखें साथ ही साथ शिक्षक का भी कर्तव्य है कि वे अपना दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करे।संस्था के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बैठक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की नींव होती है और इस नींव को मजबूत बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षक निभाते हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए केवल पाठ्यक्रम की पुस्तकों को पढ़ा देना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि शिक्षकों का समर्पण, कार्य शैली और विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता भी उतनी ही जरूरी होती है।

उन्होंने कहा कि एक अच्छे शिक्षक की पहचान न केवल उसकी विषयवस्तु पर पकड़ से होती है, बल्कि इस बात से भी होती है कि वह बच्चों में सोचने, समझने और नया सीखने की प्रवृत्ति को कैसे विकसित करता है।शिक्षक कक्षा में ज्ञान का संप्रेषण कर्ता होने के साथ-साथ एक मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत और समाज का निर्माता भी होता है। उसके व्यवहार और शिक्षण शैली से छात्र न केवल पढ़ाई करते हैं बल्कि जीवन मूल्य भी सीखते हैं। इसी क्रम में उन्होंने बच्चों के समग्र विकास में जन समुदाय की भागीदारी एवं जिम्मेदारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।कार्यक्रम में पालको ने भी अपनी बात रखी,वहीं मिडिल स्कूल प्रधान पाठक ने छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने एवं विद्यालय विकास में समुदाय और अभिभावकों की सक्रिय भूमिका एवं उत्तरदायित्वों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समुदाय के सहयोग से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। बैठक में पालक वेदराम,गंगाराम, धरमपाल, तोरण,जीवन सहित संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संजय कुमार सेन ने किया।

